# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 20** **अप्रैल-जून 2019**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री अमितेश भरत सिंह**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**कनिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

## जीएसटी दिवस 2019







दिनांक 01.07.2019 को जी.एस.टी. दिवस का आयोजन बेंगलूरु में धूमधाम से मनाया गया ।

# जीएसटी दिवस

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2019 के सायं 04:00 बजे आयकर विभाग, बेंगलूरु के कावेरी हॉल में जी.एस.टी. दिवस 2019 को धूमधाम से मनाया गया । इन्फोसिस के सह संथापक श्री एन.आर. नारायण मूर्ति ने इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि का भार वहन किया । सेल्को के सह संथापक डॉ.हरीश हंडे विशेष वक्ता का भार वहन किया । प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर (कनार्टक व गोवा क्षेत्र) श्री बी.आर. बाहकृष्णन एवं सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी ने माननीय अतिथियों के रूप में उपस्थित थें । केंद्रीय कर, बेंगलरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ।



मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया। सुश्री भावना भास्कर, सुपुत्री श्रीमती सुधा भास्कर, प्र.अ., पश्चिम आयुक्तालय, बेंगलूरु ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। तदुपरांत केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त श्री जी.नारायण स्वामी ने स्वागत भाषण दिया। फिर, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेद्र कुमार ने जीएसटी के दो वर्ष गॉठ पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सेल्को सहा संस्थापक डॉ. हरीश हंडे ने माननीय अतिथि के रूप में भाषण दिया। फिर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के अपर आयुक्त श्री अमितेश भरत सिंह ने मुख्य अतिथि एवं इन्फोसिस के सह संस्थापक श्री एन.आर. नारायण मूर्ति जी से जी.एस.टी. एवं अन्य विचारों संबंधी प्रश्न पूछा और श्री नारायण मूर्ति ने अपने अनुभव का सार उन उत्तरों में समाया। प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर (कनार्टक व गोवा क्षेत्र) श्री बी.आर. बाहकृष्णन एवं सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी ने भाषण दिया। तदुपरांत व्यापार क्षेत्र से ईकायों को और विभागीय अधिकारियों को प्रशंसा पत्रों से नवाज़ा गया। केंद्रीय कर, बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय की सहायक आयुक्त सुश्री अण्णा सोसा थॉमस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। केंद्रीय कर, बेंगलरु दक्षिण आयुक्तालय की सहायक आयुक्त सुश्री अमृता जैन एवं केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के सहायक आयुक्त श्री नितिनकृष्णा पदवु ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# कन्नड प्रशिक्षण कार्यक्रम


केंद्रीय कर आयुक्त का कार्यालय, पूर्व आयुक्तालय, दोमलूर में दिनांक 8.4.2019 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में आयोजित कन्नड प्रशिक्षण स्तर 1 का समापन समारोह और स्तर 2 का उद्घाटन समारोह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री ए.के.ज्योतिषी की उपस्थिति में किया गया ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेंगलूरु सीमा शुल्क अंचल के मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी ने कहा कि केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क के अधिकारी कन्नड भाषा सीखना एक नवीनतम कदम है । इस तरह के आयोजन के लिए उन्होंने हिंदी अनुभाग के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी । अपनी अतिथि वक्तव्य में केंद्रीय कर, अपील्य।व ॥, बेंगलूरु के प्रधान आयुक्त श्री अजय सक्सेना और सीमा शुल्क, अपील्स, बेंगलूरु के प्रधान आयुक्त श्री संजय पंत जी ने इस प्रशिक्षण में विजयी अधिकारियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और इस अवसर का सही उपयोग करने के लिए कहा ।

आगे अपनी अध्यक्षीय भाषाण में केंद्रीय कर, पूर्व आयुक्तालय के आयुक्त श्री आर. श्रीराम ने इस तरह के पाठ्यक्रम कर्मचारियों के लिए बहुत ही फायदेमंद बताए और इन प्रशिक्षणों के पीछे केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त श्री जी. नारायणस्वामी एक रीढ़ की हड्डी की तरह कार्य करने के लिए बधाईयां दी । केंद्रीय कर (प्रमुआका) की वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती एन. उषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय कर (प्रमुआका) के कनिष्ठ अनुवादक श्री वाई.सुब्रह्मण्यम ने किया ।









## हिंदी कार्यशाला

**केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा प्रत्येक तिमाही में, आवर्तन के तौर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । अप्रैल-जून, 2019 तिमाही के लिए नासिन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 24.06.2019 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत कार्यकारी सहायक एवं कर सहायकों के संवर्ग के लिए एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । लगभग 20 अधिकारियों ने भाग लिया ।**






## सेवानिवृत्ति





**केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत वरिष्ठ अनुवाद श्री के. गोपालकृष्णा अधिवर्षिता होने पर दिनांक 31 मई 2019 को सेवानिवृत्त हुए । इन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ ।**

**बृंदावन त्रिका में प्रकाशनार्थ अपने फोटो सहित लेख यथाशीघ्र निम्नलिखित ईमेल पते पर भेजिए ।**

| | |
|---|---|
| इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां या फिर कोई कविता, लेख, आदि हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें निम्न ई-मेल पते पर संपर्क करें । | |
| cexhindicell@gmail.com | आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं । ☆ |